BSES

किरायेदारों के लिए प्रीपेड मीटर की खास योजना

घर बैठे रीचार्ज कराएं अपना बिजली का मीटर

- किरायेदारों के मीटर रीचार्जिंग के लिए बीएसईएस ने किया पेटीएम, फोनपे से समझौता
- बीएसईस मोबाइल ऐप व बीएसईएस वेबसाइट से भी कर सकते हैं मीटर को रीचार्ज

नई दिल्लीः 11 अक्टूबर। किरायेदारों को अपना बिजली मीटर रीचार्ज कराने के लिए बीएसईएस ऑफिसों में आने की जरूरत नहीं है। वे घर बैठे, सीधे पेटीएम और फोनपे से अपने बिजली मीटर को रीचार्ज करवा सकते हैं। इसके अलावा, बीएसईएस के मोबाइल ऐप व वेबसाइट से भी इन मीटरों को रीचार्ज कराया जा सकता है। जो उपभोक्ता टेक्नो–फ्रेंडली नहीं हैं, वे बीएसईएस के पेमेंट काउंटरों पर जाकर अपने बिजली मीटर को रीचार्ज करवा सकते हैं। गौरतलब है कि किरायेदारों को बिजली का प्रीपेड मीटर दिया जा रहा है, जिसे प्रीपेड फोन की तरह रीचार्ज कराया जा सकता है।

कैसे करें रीचार्ज

बीएसईएस वेबसाइटः
डब्लूडब्लूडब्लू डॉट बीएसईएसदिल्ली डॉट कॉम पर जाएं, बीएसईएस राजधानी या बीएसईएस यमुना को सेलेक्ट करें, पेंमेंट सेक्शन को क्लिक करें, फिर ऑनलाइन पेमेंट सेक्शन को क्लिक करें, उसके बाद प्रीपेड मीटर रीचार्ज को क्लिक करें, अपना सीए नंबर व रकम एंटर करें। आपका मीटर रीचार्ज हो जाएगा।

बीएसईएस मोबाइल ऐपः
बीएसईएस मोबाइल ऐप पर जाएं, इंस्टैंट पेमेंट को सेलेक्ट करें और प्रीपेड सीए नंबर पर क्लिक करें, उसके बाद अपना सीए नंबर और रकम डालें। आपका मीटर रीचार्ज हो जाएगा।

पेटीएमः
पेटीएम ऐप पर जाएं, इलेक्ट्रिसिटी पर क्लिक करें, फिर इलक्ट्रिसिटी बोर्ड के तौर पर बीएसईएस राजधानी या बीएसईएस यमुना को सेलेक्ट करें, *डिस्ट्रिक्ट टाइप* वाली जगह पर प्रीपेड मीटर रीचार्ज को क्लिक करें, फिर अपना सीए नंबर व रकम एंटर करें। आपका मीटर रीचार्ज हो जाएगा।

फोनपेः
फोनपे ऐप पर जाएं, इलेक्ट्रिसिटी पर क्लिक करें, बीएसईएस राजधानी प्रीपेड मीटर रीचार्ज या बीएसईएस यमुना प्राीपेड मीटर रीचार्ज को सेलेक्ट करें और फिर अपना सीए नंबर व रकम एंटर करें। आपका मीटर रीचार्ज हो जाएगा।

उपरोक्त ऑनलाइल माध्यमों के अलावा, उपभोक्ता बीएसईएस पेमेंट काउंटरों पर भी सभी कार्यदिवसों में सुबह 9 बजे से दोपहरबाद 3 बजे तक अपना बिजली का प्रीपेड मीटर रीचार्ज करा सकते हैं।

बीएसईएस क्षेत्र में रहने वाले किरायेदार आसानी से अपना बिजली का प्रीपेड मीटर लगवा सकते हैं। इसके लिए सिर्फ दो कागजात की जरूरत है। किरायेदारों के लिए जरूरी दस्तावेज हैं––रेंट/लीज एग्रीमेंट या पिछले तीन महीनों के किराए की रसीद तथा आईडी प्रूफ।

प्रीपेड मीटर लगवाने के लिए प्रकिया काफी आसान है। ऑनलाइन और ऑफलाइन, दोनों माध्यमों का इस्तेमाल कर किरायेदार अपना बिजली का प्रीपेड मीटर लगवा सकते हैं।

ऑनलाइन प्रक्रियाः

स्टेप 1ः www.bsesdelhi.com या बीएसईएस मोबाइल ऐप पर आवेदन करें और जरूरी डॉक्यूमेंट्स अपलोड करें
स्टेप 2ः डिमांड नोट का भुगतान करें
स्टेप 3ः मीटर लग जाएगा

ऑफलाइन प्रक्रियाः

स्टेप 1ः बीएसईएस के डिविजन ऑफिस में विजिट करें और आसान कागजी औपचारिकताएं पूरी करें
स्टेप 2ः डिमांड नोट का भुगतान करें
स्टेप 3ः मीटर लग जाएगा

बिजली सेवा केद्र :

स्टेप 1ः बीआरपीएल उपभोक्ता 19123/39999707 पर व बीवाईपीएल उपभोक्ता 19122 या 39999808 पर कॉल करें और अपॉइंटमेंट लें
स्टेप 2ः बिजली सेवा केंद्र विजिट करें या अपॉइंटमेंट के मुताबिक डोर स्टेप मोबिलिटी सर्विस का लाभ उठाएं, आसान कागजी औपचारिकताएं पूरी करें
स्टेप 3ः डिमांड नोट का भुगतान करें
स्टेप 4ः मीटर लग जाएगा

दिल्ली की प्रमुख बिजली वितरण कंपनियां बीआरपीएल और बीवाईपीएल रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार के बीच संयुक्त उद्यम हैं।

——